पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता कायम करने के लिए प्रयास किए जाएंगे : मुख्यमंत्री

## अल्पसंख्यकों, ग्रामीणों और गरीबों का एक सपना पूरा हुआ

## रामपुर में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय का शुभारम्भ और आर्यभट्ट नक्षत्रशाला का लोकार्पण

**लखनऊ : 18 सितम्बर, 2012**

मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के लिए जो भी सम्भव होगा वह जरूर किया जाएगा। इसे विश्वस्तरीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। सारी रुकावटों को दूर करते हुए इसे बेमिसाल विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसकी शैक्षणिक श्रेष्ठता कायम करने के लिए हर मुमकिन प्रयास करेगी। इस विश्वविद्यालय में तकनीकी दक्षता, उच्चस्तरीय प्रयोगशालाएं और वे सारे साधन तथा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनसे यह विश्वविद्यालय अपनी विशिष्ट पहचान बना सके।

मुख्यमंत्री आज रामपुर में मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वही समाज आगे बढ़ता है, जो तालीम हासिल करने में भी अव्वल रहता है। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के शुरु होने से अल्पसंख्यकों, ग्रामीणों और गरीबों का एक सपना पूरा हुआ है। इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सभी के लिए खुले रहेंगे और अल्पसंख्यकों के साथ–साथ अन्य वर्गों की उच्च शिक्षा के लिए भी यह विश्वविद्यालय अग्रणी भूमिका अदा करेगा।

श्री यादव ने कहा कि 06 साल पहले इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास हुआ था। लेकिन इसे रोकने के हर स्तर पर प्रयास किए गए। क्योंकि अल्पसंख्यक, गरीब और ग्रामीण जब तरक्की चाहते हैं तो इसी तरह रोड़ा अटकाया जाता है और इसके लिए कानून तक का सहारा लिया जाता है।

उन्होंने इस विश्वविद्यालय को शुरु करने में प्रदेश के नगर विकास मंत्री श्री मोहम्मद आजम खाँ के अथक संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि उनकी जद्दोजहद जरूर रंग लाएगी और यह विश्वविद्यालय एक दिन विश्व भर में विख्यात हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसकी बेहतरी में अब किसी भी रुकावट को सरकार स्वयं दूर करेगी।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव ने विश्वविद्यालय का औपचारिक शुभारम्भ करते हुए कहा कि मेरे लिए आज का दिन बेहद अहम है क्योंकि मैंने ही 06 साल पहले इस विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया था। उन्होंने नगर विकास मंत्री श्री मोहम्मद आजम खां के संकल्प की तारीफ करते हुए कहा कि वे जो ठान लेते हैं उसे कर दिखाते हैं। उनकी इस संघर्षशीलता को पीढ़ी दर पीढ़ी याद रखा जाएगा।

श्री मुलायम सिंह यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक अवसर है कि मौलाना मोहम्मद अली जौहर के नाम से एक विश्वविद्यालय शुरु हो रहा है। मौलाना मोहम्मद अली जौहर और उनके भाई शौकत अली का भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बहुत बड़ा योगदान है। ये बेहद खुशी की बात है कि जल्दी ही वो दिन जरूर आएगा कि एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के नाम पर बने इस विश्वविद्यालय से इस क्षेत्र को पहचाना जाएगा।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि तरक्की का रास्ता शिक्षा संस्थानों से होकर ही गुजरता है। इसलिए अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षा के और भी संस्थान खोले जाने चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में मेडिकल कालेज भी खुलवाने पर विचार करें। उन्होंने शुभारम्भ के अवसर पर मौजूद लोगों का आह्वान किया कि वे जो भी जिम्मेदारी उन्हें देंगे वो पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के बाद रामपुर में आज इतिहास रचा गया है।

इस अवसर पर प्रदेश के नगर विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री मोहम्मद आजम खां ने श्री मुलायम सिंह यादव को 'रफीकुल मुल्क' बताते हुए कहा कि वे उनके हमेशा आभारी रहेंगे। इस विश्वविद्यालय को तबाह और

बर्बाद करने की हर मुमकिन कोशिश की गई लेकिन हमने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि ये विश्वविद्यालय किसी एक आदमी की संस्था नहीं है। इस पर भारत के हर नागरिक का अधिकार है।

श्री आजम खां ने कहा कि इस विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने इस विश्वविद्यालय को 6 बीघा जमीन दान देने वाले श्री अमन शर्मा को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 लुकमान खां ने कहा कि शिक्षा की ताकत से समाज की तमाम बुराईयां दूर की जा सकती हैं। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री श्री शिवपाल सिंह यादव, राजस्व मंत्री श्री अम्बिका चौधरी समेत प्रदेश के लगभग सभी मंत्री मौजूद थे।

इससे पूर्व रामपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव का हेलीपैड पर जबरदस्त स्वागत किया गया। हेलीपैड से विश्वविद्यालय तक लगभग 18 किलोमीटर के रास्ते पर जगह–जगह तोरण द्वारा बनाए गए थे और सड़क के दोनों तरफ थोड़ी–थोड़ी दूर पर इकट्ठा हुजूम ने मुख्यमंत्री पर फूल बरसाकर उनका अभिनन्दन किया।

विश्वविद्यालय के शुभारम्भ से पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, पूर्व मुख्यमंत्री श्री मुलायम सिंह यादव, नगर विकास मंत्री तथा अन्य लोग गांधी समाधि पर पहुंचे और बापू को श्रद्धासुमन अर्पित किए। बाद में मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने रामपुर में 28 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनी आर्यभट्ट नक्षत्रशाला का लोकार्पण भी किया। इसमें डिजिटल लेजर तकनीक वाले उपकरण लगाए गए हैं। इसमें एक खगोल गैलरी भी विकसित किए जाने की योजना है। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुलायम सिंह यादव तथा प्रदेश के मुख्य सचिव श्री जावेद उस्मानी समेत वरिष्ठ अधिकारियों ने नक्षत्रशाला में 17 मिनट के पहले शो को भी देखा।

————————

***PN-CM-Rampur Visit-18 September, 2012***